GIRLS' HIGH SCHOOL & COLLEGE

2020 – 2021
CLASS – 12th A, B, C, D
HINDI LITERATURE
WORK SHEET NO.-5

निर्देश :- अभिभावकों से ये अपेक्षा की जाती है कि वे ये सुनिश्चित करें कि छात्रा दो दिनो तक सम्बन्धित विषयवस्तु एवं पाठ का अध्ययन करें तत्पश्चात् दिए गए प्रश्नों का निर्देशानुसार उत्तर दें।

नोट :- पाठ्य पुस्तक - गद्य संकलन, आषाढ़ का एक दिन, काव्य मंजरी

Q.1 अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

पाठ - आषाढ़ का एक दिन

"यह लोकनीति है मैं तो कहूँगा कि लोकनीति और मूर्खनीति दोनों का एक ही अर्थ है"

(i) उपर्युक्त कथन कौन, किससे और कब कह रहा है ?

(ii) उपर्युक्त वाक्य किस सन्दर्भ में कहा गया है ?

(iii) वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iv) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का उद्देश्य लिखिए।

Q 2 मल्लिका 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की एक महत्वपूर्ण पात्र है, जिसके चरित्र ने सर्वाधिक प्रभावित किया है। उसकी चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

Q.3 <u>क्या निराश हुआ जाए</u> <u>आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी</u>

तिलक और गांधी का क्या सपना था ? क्या वह पूरा हो रहा है ? लेखक के मन की भावना तथा उनके विचार प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिए ।

Q.4. <u>उद्यमी नर</u> <u>रामधारी सिंह 'दिनकर'</u>

कवि ने उद्यम को भाग्य से बड़ा किस प्रकार सिद्ध किया है ? इस विषय में अपनी प्रतिक्रिया भी लिखिए ।

Q5. 'उद्यमी नर' कविता से क्या प्रेरणा मिलती है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

'गौरी' <u>सुभद्रा कुमारी चौहान</u>

Q.6 एक जगह गरम - गरम जलेबियाँ बन रही थीं । बच्चों के लिए थोड़ी - सी खरीद लीं । घर के दरवाजे पर पँहुचते । दरवाजा खुला था । घर के अन्दर पैर रखने में हृदय धड़कता था । न जाने बच्चे किस हालत में हों ?

(i) किसने और कब जलेबियाँ खरीदीं ? जलेबियाँ खरीदने वाले का बच्चों से क्या सम्बन्ध था ?

(ii) जलेबियाँ खरीदने वाला व्यक्ति कहाँ और क्यों गया था ?

(iii) सीताराम जी की अनुपस्थिति में बच्चों की देखभाल किसे करनी पड़ती थी ? इस बारे में सीताराम जी क्यों चिंतित थे ?

(iv) इस बार बच्चों की देखभाल किसने और क्यों की ? सीताराम जी का उससे कब और कैसे परिचय हुआ था ?